धार्मिक नगरी बनी ठगों की कैश मशीन

- 11 दिन में 8.44 करोड़ रुपये की ठगी और धोखाधड़ी के मामले थानों में दर्ज

मदन शर्मा
नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . धार्मिक नगरी के रूप में पहचान रखने वाला नर्मदापुरम जिला इन दिनों साइबर ठगों और धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों के निशाने पर है.

हालात ऐसे बन गए हैं . बीते 11 दिनों में जिले में साइबर ठगी और आर्थिक धोखाधड़ी के ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें कुल 8 करोड़ 44 लाख 50 हजार 415 रुपये की वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है कि जिले में लगभग हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई व्यक्ति साइबर ठगी या आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है. सरकार साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार नए कानून, तकनीकी संसाधन और जागरूकता अभियान चला रही है.पुलिस भी साइबर अवेयरनेस कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की सीख दे रही है, लेकिन इसके बावजूद डिजिटल अपराधियों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं.जिले के हालिया आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि साइबर व धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के लिए नर्मदापुरम जिला आसान निशाना बनता जा रहा है.

आर्थिक धोखाधड़ी व सायबर के मामले

पिछले करीब 11 दिनों में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज साइबर ठगी और आर्थिक धोखाधड़ी के मामलों ने पुलिस और प्रशासन दोनों की चिंता बढ़ा दी है. इन मामलों में कुल 8 करोड़ 44 लाख 50 हजार 415 रुपये की आर्थिक अनियमितता और ठगी सामने आई है .इनमें साइबर फ्रॉड के मामलों में 10 लाख 8 हजार 761 रुपये की ठगी दर्ज की गई है, जबकि धोखाधड़ी के विभिन्न मामलों में 8 करोड़ 34 लाख 41 हजार 654 रुपये की राशि का गबन और हेराफेरी सामने आई है. जिसमें ताज़ा मामला सिवनी मालवा थाने में दर्ज हुआ हैं. जहां फरियादी के साथ नकली सोने के सिक्के बेचने के नाम पर 6 लाख रुपए कि धोखाधड़ी और जालसाजी हुई हैं. इन मामलों में सबसे बड़ा मामला नगर पालिका नर्मदापुरम से जुड़ा है, जहां वर्ष 2019 से 2023 के बीच करोड़ों रुपये के राजस्व में गड़बड़ी का मामला दर्ज हुआ है. इस मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी और शासकीय राशि के दुरुपयोग के आरोपों के तहत प्रकरण कायम किया है. अकेले इस मामले ने जिले में दर्ज कुल आर्थिक अपराधों की राशि को करोड़ों रुपये तक पहुंचा दिया है.

पुलिस देती हैं समझाइश

साइबर विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीक जितनी तेजी से लोगों की जिंदगी आसान बना रही है, उतनी ही तेजी से अपराधियों को भी नए अवसर मिल रहे हैं. इसलिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि हर नागरिक को डिजिटल लेन-देन के दौरान सतर्क रहना होगा .किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई एप डाउनलोड न करें, स्क्रीन शेयर न करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें. पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं और साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट करें, ताकि समय रहते रकम होल्ड कराई जा सके.

यह रहा चर्चित मामला

नर्मदापुरम नगरपालिका में जनता की गाढ़ी कमाई और सरकारी राजस्व को डकारने का एक बेहद सनसनीखेज और बड़ा वित्तीय घालमेल सामने आया. संपत्ति कर की रसीदों में कूटकरण और धोखाधड़ी कर 7 करोड़ 78 लाख 91 हजार 654 रुपए का गबन के मामले में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की.

जमीनी काम से मिलेगी जनता को राहत : डॉ. दोगने

नवभारत न्यूज

हरदा, 21 जुलाई. विधानसभा में हरदा जिले से जुड़े मुद्दों पर सरकार द्वारा दिए गए जवाबों के बाद विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने औपचारिक जवाब देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली है, जबकि जिले की वास्तविक समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं.

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने जवाब में बताया है कि जिला जेल में महिला बंदियों के लिए पृथक बैरक, महिला प्रहरियों के लिए अलग शौचालय, जिला अस्पताल में उपचार, गर्भवती बंदियों को केंद्रीय जेल स्थानांतरित करने तथा नियमानुसार पोषक आहार सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं. साथ ही वर्तमान में महिला बंदियों के साथ कोई बच्चा नहीं होने और महिला फार्मासिस्ट की उपलब्धता की जानकारी भी दी गई है.



डॉ. दोगने ने कहा कि सरकार के जवाबों से यह भी सामने आया है कि हरदा जिला जेल अपनी निर्धारित क्षमता से करीब ढाई गुना अधिक बंदियों का भार उठा रही है और कर्मचारियों के कई पद रिक्त हैं. उन्होंने कहा कि यह स्थिति जेल व्यवस्था पर बढ़ते दबाव को दर्शाती है.

विधायक ने कहा कि जिले के किसान आज भी खाद, समर्थन मूल्य, उपज भुगतान और सिंचाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं. औद्योगिक विकास की स्थिति भी निराशाजनक है. पिछले तीन वर्षों में केवल तीन नए लघु उद्योग स्थापित हुए हैं, नए औद्योगिक क्षेत्र का कोई प्रस्ताव नहीं है और वर्षों पहले घोषित फूड पार्क अब तक धरातल पर नहीं उतर पाया है.

डॉ. दोगने ने कहा, 'मैंने विधानसभा में केवल प्रश्न नहीं पूछे, बल्कि हरदा की जनता की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाया है. किसानों के अधिकार, युवाओं को रोजगार, सिंचाई परियोजनाएं, उद्योग, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से जुड़े हर मुद्दे पर मेरा संघर्ष लगातार जारी रहेगा. सरकार को कागजी जवाबों से नहीं, बल्कि जमीनी काम से जनता को जवाब देना होगा.' उन्होंने कहा कि हरदा के विकास और जनता के अधिकारों की लड़ाई विधानसभा से लेकर सड़क तक निरंतर जारी रहेगी.

एक नजर में

किशोरियों ने किया डाकघर का भ्रमण

माखन नगर, 21 जुलाई . महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सेक्टर माखन नगर की किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. भ्रमण के दौरान बालिकाओं को डाकघर ले जाया गया, जहां अधिकारियों ने उन्हें सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी दी. बालिकाओं को योजना के लाभ, पात्रता, खाता खोलने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया गया. इस दौरान उन्हें बचत की आदत विकसित करने और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा के महत्व से भी अवगत कराया गया. पर्यवेक्षक राजनी दीक्षित ने बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन और महिला हेल्पलाइन सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी. उन्होंने बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया. कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को अन्य शासकीय कार्यालयों का भी भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें सरकारी सेवाओं और योजनाओं की कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिला. इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने भी सक्रिय सहयोग किया. महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने अधिकारों और उपलब्ध अवसरों का बेहतर उपयोग कर सकें.

एनसीवीटी पाठ्यक्रमों में तृतीय चरण प्रारम्भ

हरदा. कौशल विकास संचालनालय अंतर्गत हरदा जिले में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, हरदा में एनसीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तृतीय चरण प्रारंभ हो चुका है. प्राचार्य आईटीआई हरदा ने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत आवेदक 25 जुलाई 2026 तक च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं. इस दौरान प्रवेश के इच्छुक नवीन आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे तथा जिन्हें इच्छित सीट आवंटन नहीं हुआ हैं वे भी री च्वाईस कर सकेंगें. प्रवेश हेतु प्रशिक्षण शुल्क राशि दो किश्तों में जमा करनी होगी, जिसमें प्रथम किश्त प्रवेश के समय पुरूषों हेतु 3250 रूपये एवं महिलाओं के प्रवेश हेतु विशेष रूप से 12.50 प्रतिशत की छूट के साथ 2840 रूपये रहेगी.

850 सीड बॉल का प्रक्षेपण एवं 20 पौधों का रोपण

बनखेड़ी, 21 जुलाई . शासकीय सांदीपनि टैगोर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बनखेड़ी में सोमवार को माननीय कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नवाचार 'नवांकुर अभियान' के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) आकिब खान के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक की उपस्थिति रही. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा 850 सीड बॉल का प्रक्षेपण किया गया तथा विद्यालय परिसर में 20 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया. इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. सभी ने नवांकुर अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया. कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ.

समस्याओं के निराकरण के लिए दिए निर्देश : कलेक्टर

हरदा , 21 जुलाई . कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए. इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे.

जनसुनवाई में ग्राम मगरधा निवासी सत्यनारायण गौर ने आवेदन देकर किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदक की पात्रता अनुसार किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने के निर्देश दिये. ग्राम कायागांव निवासी दीपक चौरे ने आवेदन देकर अपनी कृषि भूमि का नक्शा दुरूस्त कराकर सीमांकन कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. जनसुनवाई में हरदा के वार्ड नम्बर 32 आजाद नगर के निवासियों ने आवेदन देकर रहवासी पट्टा व पानी की व्यवस्था कराने की मांग की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. मेजर जोशी कॉलोनी हरदा के निवासियों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर घरों के सामने से गंदे पानी की निकासी के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. खेड़ीपुरा हरदा निवासी रघुवीर प्रजापति ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त प्रदाय कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये.

अभियान के तहत छात्राओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . नशे से दूरी है जरूरी 2.0 विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए नशामुक्त समाज का संदेश अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया. इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल, उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह प्रजापति तथा विद्यालय की प्राचार्य अर्चना मिश्रा ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. विद्यालय की छुट्टी के समय अपने बच्चों को लेने आए अभिभावकों को भी विद्यालय के बाहर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर उन्हें नशा मुक्ति अभियान का सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया.

बारिश से किसानों की फसलों को मिलेगी राहत

- अगले तीन दिन गरज-चमक के आसार
- सुबह 5 बजे से शुरू हुई रिमझिम बारिश

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . जिले में मंगलवार की शुरुआत बारिश के साथ हुई. तड़के 5 बजे से शुरू हुई रिमझिम बारिश सुबह 10 बजे तक जारी रही. इसके बाद भी दिनभर रुक-रुककर बारिश की बौछारें पड़ती रहीं.

जिला मुख्यालय पर बीती रात से मंगलवार सुबह 8.30 बजे यानी 12 घंटों में 20 मिमी बारिश दर्ज की गई है. जबकि सोहागपुर 42 मिमी, बनखेड़ी में 39 मिमी व इटारसी 11 मिमी,पिपरिया 12 मिमी और डोलरिया में 5 मिमी बारिश हुई. बारिश के कारण सुबह से ही मौसम ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली. लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं. खेतों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है और खरीफ फसलों के लिए अनुकूल मौसम की उम्मीद जगी है. मौसमविद के अनुसार जिले में अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे. गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. स्थानीय मौसम प्रणाली बनने के कारण बारिश होने का अनुमान है. इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती हैं. इस सीजन में अब तक जिले में औसत बारिश 239 मिमी. दर्ज की गई है.

स्कूल में साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

हरदा, 21 जुलाई . जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा के तत्वावधान में मंगलवार को एल.एन. पालीवाल हायर सेकेंडरी स्कूल, रहटगांव एवं आंगनवाड़ी केंद्र, नजरपुरा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया.

जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, संविधान, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, शिक्षा के अधिकार, नशे के दुष्परिणाम तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी. वहीं अनीस मोहम्मद खान ने महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत तथा टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 के बारे में बताया. इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया तथा उपस्थितजनों से कानून के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क विधिक सहायता लेने का आग्रह किया गया. कार्यक्रम में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन एवं पैरालीगल वालंटियर उपस्थित रहे.

मप्र टूरिज्म क्वीज 2026 के पंजीयन की 25 तक

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मध्य प्रदेश टूरिज्म क्वीज-2026 के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है.जिला प्रशासन ने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का समय-सीमा के भीतर पंजीयन सुनिश्चित कराने की अपील की है.

पर्यावरण संरक्षण के लिए बोये सीडवाल

बनखेड़ी, 21 जुलाई . मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् एवं ग्राम पंचायत बाचावानी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बाचावानी के सभागार में जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मुख्य आतिथ्य सरपंच प्रतिनिधि संतोष पटैल की अध्यक्षता, सामाजिक कार्यकर्ता ओमकार सिंह राजपूत के विशेष आतिथ्य में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यशाला का संचालन पंचायत अधिकारी कुमरे ने किया. कार्यशाला में प्रमुख रूप से पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर बल दिया. कार्यशाला के उपरांत शासकीय माडल स्कूल बाचावानी में पहुंच कर स्कूल के छात्र छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताया, पौधारोपण किया गया तथा माडल स्कूल परिसर में सीडबाल बोये गये.

प्रतियोगिता के तहत नशे से बचने के लिए दिये संदेश

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . गृहविज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार के मार्गदर्शन में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 नशामुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को स्लोगन, रंगोली, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करना था.

प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने छात्राओं से स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा स्वयं के साथ समाज को भी नशे के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्लोगन, रंगोली और पोस्टर के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा स्वस्थ जीवन के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. वहीं निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नशामुक्ति के सामाजिक, मानसिक एवं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए.

नशे से दूरी अभियान में प्रतियोगिता का आयोजन

सिवनी मालवा. युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा समाज में जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शासकीय कुसुम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. ने मार्गदर्शन में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया.

बैठक किसान मोर्चा जिला नर्मदापुरम की परिचय बैठक सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई

संगठन विस्तार व किसान हितैषी योजनाओं का करें प्रचार

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला नर्मदापुरम की परिचय बैठक सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई. बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा किसानों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि किसान मोर्चा भाजपा संगठन की मजबूत आधारशिला है. उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से किसानों के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया.भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं को समझे और सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य करे. उन्होंने संगठन की रीति-नीति के अनुरूप अनुशासित एवं सक्रिय होकर कार्य करने का आह्वान किया.बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश खंडेलवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सविता दीवान, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश पटेल, भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव एवं ज्योति चौरे, मुकेश चंद्र मैना ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया.इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, जिला मंत्री जितेन्द्र चौहान, किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेंद्र चंदेल, मुकेश तिवारी सहित किसान मोर्चा एवं भाजपा के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे.बैठक के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर तक किसान मोर्चा को सशक्त बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

पुलिस की सतर्कता से दो लोगों की बची जान

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 21 जुलाई . कोतवाली थाना पुलिस और एफआरवी टीम की त्वरित कार्रवाई से दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की जान बच गई. एक व्यक्ति ने बंधन बैंक के बाहर खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया, जबकि दूसरा युवक बुधनी रोड स्थित नर्मदा पुल से कूदने की कोशिश कर रहा था. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सुरक्षित बचा लिया.

पहली घटना सोमवार दोपहर बंधन बैंक के बाहर हुई. बुधनी निवासी 43 वर्षीय कमलेश फाटे ने आरोप लगाया कि होम लोन का पूरा भुगतान करने के बावजूद बैंक ने उसके मकान के मूल दस्तावेज वापस नहीं किए. इससे परेशान होकर उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और दस्तावेज लौटाने की मांग करते हुए आत्महत्या की चेतावनी दी.

घटना की सूचना कॉलर मोहित चौधरी ने दोपहर करीब 3:23 बजे डायल-112 पर दी. सूचना मिलते ही एफआरवी में ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक राकेश भिलाला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने कमलेश फाटे को समझाइश देकर शांत कराया और सुरक्षित कोतवाली थाना लेकर आए. बाद में उसके परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया. दूसरी घटना सोमवार शाम करीब 6:30 बजे बुधनी रोड स्थित नर्मदा पुल पर हुई. पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक पुल से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा है. सूचना मिलते ही एफआरवी-19 में तैनात प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र भदौरिया तत्काल मौके पर पहुंचे और समय रहते युवक को सुरक्षित बचा लिया.